राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
मध्यप्रदेश
8, अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल

क्रमांक / एन.एच.एम. / आशा / 2016 / 4165 भोपाल, दिनांक 11/05/16 / 2016

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
बड़वानी, भिण्ड, बैतूल, सीधी एवं छिंदवाड़ा

विषयः–''विलेज हेल्थ रिपोर्ट कार्ड्स'' एवं ''फेसिलिटी रिपोर्ट कार्ड्स'' के परिणामों को तदर्थ समितियों एवं जिला एमजीसीए की बैठक में साझा करना।

उपरोक्त विषयांतर्गत सघन सामुदायिक निगरानी कार्यक्रम अंतर्गत आपके जिलों से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण कर ग्राम वार, संस्था वार हेल्थ रिपोर्ट कार्ड्स तैयार कर आपकी और साफ्टकॉपी में संलग्न भेजे जा रहे हैं। ''विलेज हेल्थ रिपोर्ट कार्ड्स'' के आधार पर आप चिन्हित ग्रामों की तदर्थ समितियों के साथ बैठक कर प्राप्त परिणामों को समिति सदस्यों के साथ साझा करें। इस हेतु आप जिला एवं ब्लॉक एमजीसीए सदस्यों का सहयोग लें एवं उन्हें विलेज हेल्थ रिपोर्ट कार्ड उपलब्ध करायें एवं भ्रमण की नियमानुसार लिखित अनुमति प्रदान करें।

साथ ही चिन्हित संस्था स्तर जैसे उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्रा.स्वा.केन्द्र एवं सा.स्वा.केन्द्र के रिपोर्ट कार्ड्स भी संलग्न है इन संस्थाओं में प्राप्त परिणामों को आप जिला एमजीसीए की बैठक आहूत कर परिणामों को साझा करें, बैठक की कार्यवाही विवरण, निर्णय बिन्दु आदि राज्य को प्रेषित करें। चूँकि उक्त परिणामों में महिला एवं बाल विकास विभाग, पीएचई एवं पंचायत विभाग से संबंधित ऑकडे भी है अतः बैठक में उन्हें भी अनिवार्यतः आमंत्रित करें।

उक्त कार्य दिनांक 24.5.2016 से पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें, तथा जिला एमजीसीए बैठकों की प्रस्तावित तिथि जिले के प्रभारी राज्य एमजीसीए सदस्यों एवं राज्य कार्यालय को भी अनिवार्यतः बतायें ताकि बैठकों में राज्य स्तर से भी सहभागिता कराई जा सके।

(डॉ.शैलेन्द्र पटने)
उप संचालक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,म.

पृक्र / एनएचएम / आशा / 2016 / 4166, भोपाल दिनांक 11/05/16

प्रतिलिपि :–

1) मिशन संचालक, एनएचएम, मप्र।
2) संचालक एन एच एम मप्र।
3) श्री दमन आहूजा, एजीसीए सेक्रेटेरिएट, नई दिल्ली।
4) राज्य एमजीसीए सदस्य सुश्री / श्रीमान —————————— की ओर सूचनार्थ। आप संबंधित जिलों से समन्वय स्थापित कर बैठक में उपस्थित होकर आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

उप संचालक

(डॉ. शैलेन्द्र पटने)
उप संचालक
एन.एच.एम., म.प्र.